आरोप | सरपंच, सचिव, इंजीनियर की तिकड़ी पर ग्रामीणों पर बड़ा आरोप, विकास मंत्री को दी खुली चुनौती

# बचहा स्कूल में खड़ी कर दी भ्रष्टाचार की बाउंड्री वॉल





**चिल्हारी नवभारत 26 मई।** मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बचहा में विकास कार्यों के नाम कथित भ्रष्टाचार का ऐसा खेल सामने आया है, जिसने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बचहा में बाउंड्री वॉल निर्माण शा हाईस्कूल के पास ग्राम पंचायत में लाल मिट्टी वाली खराब ईट लगाकर जमकर भ्रष्टाचार किया गया है और सरकारी राशि को कागजों में बहाकर जमीन पर घटिया निर्माण खड़ा कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच सचिव, इंजीनियर ने मिलकर विकास योजनाओं को कमाई का जरिया बना दिया है।

### गुणवत्ता की उड़ाई गई धज्जियां

बाउंड्री वॉल निर्माण में कच्ची और घुरी ईट लगाकर गुणवत्ता की धज्जियां उड़ाते हुए सस्ती सीमेंट का इस्तेमाल किया है, जिसका नतीजा इसी बरसात में देखने को मिल जायेगा। अब सवाल यह है कि आखिर किसके संरक्षण में पंचायत में भ्रष्टाचार का यह खुला खेल चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत के जिम्मेदारों ने भ्रष्टाचार कर सीधे ग्रामीण विकास मंत्री तक को चुनौती दे डाली है।

### ग्रामीणों में भारी आक्रोश

विकास के नाम पर लाखों रुपए खर्च दिखाए गए, लेकिन जमीनी हकीकत में निर्माण कार्य पहली बारिश भी नहीं झेल पाएगा। ग्राम पंचायत बचहा में ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने और शासकीय राशि की वसूली की मांग की है। ग्रामीणों का साफ कहना है अगर कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

### केवल जांच नहीं बल्कि जेल और रिकवरी चाहिए

ग्रामीणों ने अब आर पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरपंच, सचिव और इंजीनियर ने मिलकर सरकारी खजाने को अपनी निजी जागीर समझ लिया है। जिस बाउंड्री वॉल को स्कूल की सुरक्षा को आसान बनाना था वह अब इन तीनों के कैरियर की कब्र बनने वाली है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अब केवल जांच नहीं बल्कि जेल और रिकवरी चाहिए।

## क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान एसडीएम ने लगवाएं बैरिकेड

**डिंडौरी, नवभारत 26 मई।** शहपुरा से कुंडम मार्ग पर निर्माणाधीन एवं अधूरी पड़ी सड़क पर सड़क सुरक्षा संबंधी आवश्यक व्यवस्थाओं की अनदेखी सामने आई है। मार्ग पर किसी भी प्रकार के चेतावनी संकेतक, साइनबोर्ड अथवा बैरिकेड नहीं लगाए जाने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों द्वारा भी इस समस्या को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है। बताया गया है कि उक्त विषय को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में भी उठाया गया था, किंतु आज दिनांक तक संबंधित विभाग द्वारा आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित नहीं किए गए। इसी दौरान एसडीएम शहपुरा अपने क्षेत्रीय भ्रमण से लौट रहे थे, तभी उन्होंने मार्ग की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए स्वयं वाहन रुकवाकर अस्थायी बैरिकेड लगवाया, ताकि राहगीरों एवं वाहन चालकों को संभावित दुर्घटना से बचाया जा सके। एसडीएम की इस तत्परता की स्थानीय लोगों द्वारा सराहना की जा रही है। वहीं अब यह सवाल भी उठ रहा है कि आखिरकार एनएच पीडब्ल्यूडी विभाग सड़क सुरक्षा के प्रति कब गंभीर होगा और स्थायी सुरक्षा व्यवस्थाएं कब सुनिश्चित की जाएंगी।



## शहडोल से लाया गया हाथी टाइगर रिजर्व के खितौली रेंज में छोड़ा गया

**चिल्हारी नवभारत 26 मई।** दक्षिण शहडोल के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में विचरण कर रहे जंगली नर हाथी ई-5 को गत दिवस सुरक्षित रूप से बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की खितौली रेंज में छोड़ दिया गया। मानव-हाथी संघर्ष की आशंका को देखते हुए वन विभाग ने यह कार्रवाई की है।

विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह हाथी पिछले कुछ दिनों से केशवाही रेंज के आसपास आबादी वाले क्षेत्रों में घूम रहा था, जिससे लोगों मे भय व्याप्त हो गया था। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व और दक्षिण शहडोल वन मंडल के अमले की संयुक्त कार्यवाही में चार दिनों तक चले रेस्क्यू अभियान मे अंततः हाथी को सुरक्षित पकड़ लिया गया।

### गले में सैटेलाइट कॉलर भी लगाया गया

निगरानी के लिए उसके गले में सैटेलाइट कॉलर भी लगाया गया है, जिससे उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेगी। क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय ने बताया कि इस अभियान में उप संचालक, वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी, एसडब्ल्यूएफएच जबलपुर के सहायक प्राध्यापक, ताला, पनपथा और मानपुर के एसडीओ सहित 60 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।



## ईद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**चिल्हारी नवभारत 26 मई।** आगामी ईद उल जुहा त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से अमरपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि ईद उल जुहा पर्व को देखते हुई ग्राम पंचायत द्वारा विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा, ताकि नगर में स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण बना रहे। साथ ही त्यौहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने तथा आपसी सद्भाव कायम रखने की अपील भी की गई। बैठक के अंत में सभी लोगों ने ईद उल जुहा पर्व को आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं शांति के साथ मनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अमरपुर सरपंच तीरथ प्रसाद कोल अमरपुर चौकी प्रभारी अभिलाष सिंह एवं समस्त पुलिस स्टाफ के साथ-साथ ग्रामीण जन तथा पत्रकार वन्धु उपस्थित रहे प्रभारी राजेंद्र यादव, राम सेवक पटेल, विकास मिश्रा, महेंद्र कुमार, सचिन पाटीदार, प्रदीप सिंह सहित थाना मानपुर का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# संदिग्ध अवस्था में मृत बाघ का जबलपुर में दोबारा हुआ पीएम

रिपोर्ट में होगा मौत के कारणों का खुलासा, बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व में रविवार को हुई घटना की जांच जारी

**चिल्हारी नवभारत 26 मई।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की पनपथा रेंज अंतर्गत ग्राम खेरवा टोला मे गत दिवस संदिग्ध परिस्थितियों में मृत बाघ का सोमवार को जबलपुर स्थित वन्यजीव स्वास्थ्य केंद्र मे दोबारा पोस्टमार्टम किया गया।

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के प्रतिनिधि की मौजूदगी में तीन विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की टीम ने पूरी कार्रवाई संपन्न की। बाघ की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा अब प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।



### बाघ के हमले में महिला की हो गई थी मौत

उल्लेखनीय है कि बीती 24 मई की रात लगभग 2.30 से 3 बजे के बीच पनपथा बफर वन परिक्षेत्र की पलझा उत्तर बीट के समीप खेरवा टोला गांव मे एक बाघ ने घर के आंगन में सो रही फूल बाई पत्नी पहलू पाल पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल फूल बाई की मौके पर ही मौत हो गई। हमले में परिवार के सदस्य फुल्ला पाल भी घायल हो गए।

### बाघ दूसरे दिन फिर आया और दो लोगों पर हमला किया

घटना के बाद बाघ जंगल की ओर चला गया, लेकिन सुबह करीब 6 बजे वह दोबारा लौट आया और घर में घुस कर दसैया पाल तथा गजाधर को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### घर में ही शांत हो गया था बाघ

जानकारी के अनुसार घटना के बाद बाघ घायल अवस्था में घर पर ही मौजूद था। अतिरिक्त वन अमला, राजस्व और पुलिस अधिकारियों के आने पर वन विभाग की टीम ने उसका रेस्क्यू करने की रणनीति बनाई। आधिकारिक सूत्रों का दावा है कि जब वन्यप्राणी चिकित्सा अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर बाघ की स्थिति का परीक्षण किया तो उसमें किसी प्रकार की हलचल नहीं दिखाई दी। स्थिति स्पष्ट करने के लिए वन्यजीव को डार्ट किया गया, फिर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। जिससे ज्यादा संभावना इस बात की है कि ट्रैक्यूलाईज करने के पूर्व ही बाघ की मृत्यु हो चुकी थी।

### अचानक टाला गया अंतिम संस्कार

क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय ने बताया कि बाघ की मौत के बाद एनटीसीए प्रोटोकॉल के तहत उसका पोस्टमार्टम बांधवगढ़ मे किया गया था, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अंतिम संस्कार को टालते हुए शव को जबलपुर स्थित स्टेट वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक हॉस्पिटल (एसडब्ल्यूएफएच) भेजा गया। सोमवार को एसडब्ल्यूएफएच जबलपुर में एनटीसीए प्रतिनिधि और अखिल भारतीय बाघ संरक्षण संस्थान के अधिकारियों की मौजूदगी में बाघ का दोबारा पोस्टमार्टम किया गया।

### कई वरिष्ठ डॉक्टरों की उपस्थिति में हुआ पीएम

इस टीम में डॉ. निधि राजपूत, डॉ. अभय सेंगर और डॉ. प्रशांत देशमुख शामिल रहे। इस दौरान एसडब्ल्यूएफएच की संचालक डॉ. शोभा जावरे, सहायक प्राध्यापक डॉ. अमोल रोकड़े और एनडीवीएसयू की पैथोलॉजी प्रोफेसर डॉ. अमिता दुबे भी उपस्थित रहीं। पीएम रिपोर्ट के उपरांत बाघ के मौत के कारणों का खुलासा किया जायेगा, जबकि अन्य घटनाक्रम की जांच जारी है।



## आबकारी विभाग ने दर्ज किए पांच प्रकरण

**चिल्हारी नवभारत 26 मई।** कलेक्टर राखी सहाय के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने हेतु आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में वृत्त प्रभारी दिनकर सिंह तिवारी के नेतृत्व में वृत्त मानपुर क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान ग्राम पतौर स्थित इंद्रपाल सिंह की किराना दुकान से 62 पाव देशी प्लेन मदिरा, 24 बीयर एवं 20 पाव व्हिस्की बरामद की गई। वहीं अमरपुर स्थित सीतू ढाबा के संचालक रंजीत कुमार गुप्ता के कब्जे से 38 पाव प्लेन मदिरा एवं 10 केन बीयर जब्त की गई। इसके अतिरिक्त ग्राम असोढ़ में रैना बाई, आशाबाई एवं कविता वसदेवा के कब्जे से क्रमशः 6 लीटर हाथ भट्टी, 60 किलो लाहन तथा 6 लीटर हाथ भट्टी शराब बरामद की गई।

**जब्त मदिरा की कीमत 22 हजार 400 रुपये बताई गई-** आबकारी विभाग ने सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। जब्त मदिरा एवं सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 22 हजार 400 रुपये बताई गई है इस कार्रवाई में आबकारी आरक्षक राजपति प्रजापति, कविता सिंह, अंजली गौतम तथा नगर सैनिक जीवन लाल की सक्रिय भूमिका रही।

## प्राकृतिक और जैविक खेती के बारे में दिया गया प्रशिक्षण



एकल अभियान की दो दिवसीय मासिक बैठक आयोजित

**शहपुरा नवभारत 26 मई।** शहपुरा संच में दो दिवसीय मासिक बैठक का आयोजन निवसी में किया गया जिसमें विकासखण्ड शहपुरा के एकल आचार्यों को विभिन्न विषयों में प्रशिक्षित किया गया।

इस बीच आचार्यों को जैविक खेती की सामान्य जानकारी देने के लिए भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष व नर्मदांचल गौ सेवा समिति के अध्यक्ष एवं जैविक कृषि विशेषज्ञ बिहारी लाल साहू को आमंत्रित किया गया। अभ्यास वर्ग के दूसरे दिन के सत्र में बिहारी लाल साहू ने जैविक कृषि के बारे में विस्तार से जानकारी दिया साथ ही जैविक उत्पाद बनाने का तरीका एवं आचार्यों को द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्न का जवाब दिया।

**केंचुआ खाद के बनाने का तरीका बताया-** बिहारी लाल साहू ने केंचुआ खाद के बनाने का तरीका व उसके लाभ बताए, साथ ही फसलों में लगने वाले बाहरी कीटों को नियंत्रण के लिए नीमास्त्र, अग्नीअस्त्र आदि तरल खाद के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की और उक्ठा जैसे फफूंद रोग के लिए बीजोपचार पर बताया।

**जैविक खेती से भूमि उपजाऊ बनती है-** जंगल के पेड़ को यूरिया कौन देता है कीटनाशक का छिड़काव कौन करता है उन्हें पानी कौन देता है लेकिन जब समय आता है तब पेड़ फल से लद जाते है जंगल के पेड़ के किसी भी पत्ते को तोड़ लीजिए और लैव में टेस्ट करा लीजिए एक भी तत्व की कमी नहीं मिलती जंगल में जो नियम काम करता है, वही हमारे खेत में करना चाहिए और यही प्राकृतिक कृषि और प्राकृतिक कृषि का सिध्दांत है। इस सत्र में भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष व जैविक कृषि विशेषज्ञ बिहारी लाल साहू, अंचल शिक्षा प्रशिक्षण प्रमुख प्रताप सिंह चंदेल,मेंहदवानी संच प्रमुख भानवती मरावी,शाहपुर संच प्रमुख भारत लाल धुर्वे, भागवती परस्ते, हीरो यादव, संजना परस्ते, अनीता परस्ते, ज्ञानती, संध्या, निरंजना पुष्पांजली, रोशनी, जानकी, राम सागर, मुन्ना सिंह रामगोपाल, फूलसाह, तीरथ, तुषार मरावी आदि लोग रहे उपस्थित।



## अधिकारियों को त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

जनसुनवाई में कलेक्टर ने 61 आवेदनों पर की सुनवाई

**डिंडौरी, नवभारत 26 मई।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में कुल 61 आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों ने पेयजल संकट, अधूरे निर्माण कार्य, लंबित भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना, आर्थिक सहायता, रोजगार सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

### नल जल योजना से पेयजल आपूर्ति की मांग

विकासखंड समनापुर के ग्राम साल्हेघोरी के ग्रामीणों ने जनसुनवाई में पहुंचकर नलजल योजना का कार्य अपूर्ण होने की शिकायत की। उन्होंने जल्द से जल्द पेयजल आपूर्ति की मांग किए हैं जिस पर कलेक्टर ने पीएचई विभाग के अधिकारियों को समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी औरई रोड डिंडौरी में निर्माणाधीन आवास निर्माण कार्य में लगे मजदूरों ने ठेकेदार के विरूद्ध मजदूरी भुगतान न करने की शिकायत किए हैं। कलेक्टर ने सीएमओ नगर परिषद डिंडौरी को शिकायत की जांच कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।



## अधूरे स्कूल भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए

शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**डिंडौरी, नवभारत 26 मई।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टर सभाकक्ष में सर्व शिक्षा अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अपार आईडी एवं आधार एन्ट्री, कक्षा 1 से 8वीं तक नामांकन, निःशुल्क साईकिल वितरण, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण तथा मेंटर विजिट सहित विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान कलेक्टर ने डीपीसी, बीआरसी, एपीसी, बीएसी एवं सीएसी को निर्देश दिए कि 1 जून से 15 जून 2026 तक मेंटर विजिट की प्रक्रिया निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराई जाए। उन्होंने जिले के सभी विद्यालयों में बालक एवं बालिका शौचालयों की स्थिति सुदृढ़ करने तथा अधूरे स्कूल भवनों के निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए।

**नियमित मॉनिटरिंग के दिए निर्देश-** कलेक्टर ने कहा कि विद्यालयों में भोजन बनाने एवं परोसने के लिए खरीदे गए नए बर्तनों का जियो टैग फोटो लेकर जानकारी उपलब्ध कराई जाए, जिससे सामग्री का उचित रिकॉर्ड संधारित किया जा सके। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान डीपीसी, एपीसी, बीएसी एवं सीएसी सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

आयोजन | मालपुर में गंगा दशहरा पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

# श्रध्दा से निकली कलश यात्रा, जल स्त्रोतों का किया पूजन






**शहपुरा नवभारत 26 मई।** जनपद शहपुरा अंतर्गत ग्राम पचायत मालपुर में 'जल गंगा संवर्धन अभियान-2026' के तहत गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर विशेष कार्यक्रम मां नर्मदा संगमत तट में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत मां नर्मदा तट स्थित घाटों की साफ-सफाई से हुई, जहां उपस्थित जनों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके उपरांत मां नर्मदा पूजन, कन्या पूजन, कलश यात्रा एवं जलाभिषेक जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए। नर्मदा तट पर श्रद्धा एवं आस्था का वातावरण देखने को मिला।

### जल ही जीवन का आधार है

वक्ताओं ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल स्त्रोतों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान लोगों को जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया गया तथा नदियों, तालाबों एवं अन्य जल स्त्रोतों को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने की अपील की गई। आयोजन में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का संकल्प लिया।

### जल संरक्षण के महत्व पर डाला प्रकाश

इस अवसर पर एसडीएम शहपुरा, जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो, सीईओ शहपुरा पुरूषोतम लाल यादव, जनपद सदस्य दुर्गी बाई, शांति बाई, सरपंच मालपुर लखन परस्ते सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सहभागिता करते हुए जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए जल बचाने, वर्षा जल संचयन करने एवं प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया गया।